भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 655
उत्तर देने की तारीख: 06.02.2024

नई स्वर्णिम ऋण योजना

655. श्री जयंत सिन्हा:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) की नई स्वर्णिम ऋण योजना का ब्यौरा और मुख्य विशेषताएं क्या हैं;
(ख) इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की राज्य-वार और झारखंड में जिला-वार कुल संख्या कितनी है; और
(ग) उक्त योजना के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(सुश्री प्रतिमा भौमिक)

(क): राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) की नई स्वर्णिम ऋण स्कीम का ब्यौरा एवं इसकी मुख्य विशेषताएं **अनुबंध-'क'** में दी गई हैं।

(ख): इस स्कीम के अंतर्गत गत 5 वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान झारखंड सहित राज्यों/संघ राज्यों-वार सहायता-प्राप्त लाभार्थियों की कुल संख्या का ब्यौरा **अनुबंध-'ख'** में दिया गया है।

एनबीसीएफडीसी द्वारा जिला-वार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

(ग): नई स्वर्णिम स्कीम सहित अन्य ऋण स्कीमों के अंतर्गत दिनांक 25.01.2024 तक आबंटित/वितरित तथा उपयोग में लाई गई निधियों का ब्यौरा **अनुबंध-ग** में दिया गया है।

अनुबंध-'क'

## एनबीसीएफडीसी की नई स्वर्णिम ऋण स्कीम का ब्यौरा एवं मुख्य विशेषताएं

### ''महिलाओं के लिए नई-स्वर्णिम स्कीम''

**उद्देश्य:**

सावधि ऋण स्कीम के अंतर्गत पिछड़े वर्ग की महिलाओं में आत्म-निर्भरता की भावना का संचार करना।

**पात्रता**

- इस स्कीम के अंतर्गत केन्द्र/राज्य सरकारों द्वारा समय-समय पर यथा-अधिसूचित पिछड़े वर्गों की महिलाएं ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र होंगी।
- आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय 3.00 लाख रुपए से कम होनी चाहिए।

**मुख्य विशेषताएं**

- एनबीसीएफडीसी की ''नई-स्वर्णिम'' स्कीम का लक्षित समूह पिछड़े वर्ग की वे महिलाएं हैं जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 3.00 लाख रुपए से कम है।
- लाभार्थी महिलाओं को 2,00,000 रुपए तक की लागत की परियोजनाओं के लिए अपनी तरफ से किसी राशि का निवेश करने की आवश्यकता नहीं है।
- इस स्कीम के लिए ऋण राशि पर ब्याज की दर निगम की सामान्य ऋण स्कीम की तुलना में कम है।

**अधिकतम ऋण राशि** : 2.00 लाख रुपए (प्रति लाभार्थी)

**वित्तपोषण की पद्धति**

| | | |
|---|---|---|
| 1. एनबीसीएफडीसी ऋण | : | 95% |
| 2. चैनल पार्टनर का योगदान | : | 05% |

**ब्याज की दर**

| | | |
|---|---|---|
| 1. एनबीसीएफडीसी से चैनल पार्टनर | : | 2% प्रति वर्ष |
| 2. चैनल पार्टनर से लाभार्थी | : | 5% प्रति वर्ष |

**पुनर्भुगतान**

ऋण का पुनर्भुगतान तिमाही किश्तों में अधिकतम 8 वर्षों की अवधि में किया जाता है (जिसमें मूलधन की वसूली पर 6 महीने की ऋणाधिस्थगन अवधि शामिल है)।

**गत 5 वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान नई स्वर्णिम स्कीम के अंतर्गत सहायता प्राप्त लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य-वार कुल संख्या**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य के नाम | 2018-19 (संख्या) | 2019-20 (संख्या) | 2020-21 (संख्या) | 2021-22 (संख्या) | 2022-23 (संख्या) | 2023-24 (दिनांक 25.01.2024 की स्थिति के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | | 39 | 15 | - | - | - |
| 2. | अंडमान और निकोबार | | 1 | | | | |
| 3. | असम | | 9 | 61 | - | - | - |
| 4. | बिहार | | 46 | 1 | - | - | - |
| 5. | चंडीगढ़ | | | - | - | - | - |
| 6. | छत्तीसगढ | 14 | 21 | 20 | - | - | - |
| 7. | दिल्ली | | | 34 | 5 | - | - |
| 8. | गोवा | | | 50 | - | 25 | - |
| 9. | गुजरात | 239 | 116 | 230 | 280 | 180 | |
| 10. | हरियाणा | 400 | 21 | - | 100 | - | - |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | 9 | 8 | 8 | 50 | 250 | 4 |
| 12. | जम्मू-कश्मीर | 48 | 200 | 160 | 275 | 100 | 9 |
| 13. | झारखंड | | 12 | 1 | - | - | - |
| 14. | कर्नाटक | | 226 | 72 | - | - | |
| 15. | केरल | 880 | 749 | 2020 | 5420 | 3940 | 6 |
| 16. | मध्य प्रदेश | 128 | 218 | 37 | - | - | - |
| 17. | महाराष्ट्र | | 43 | 6 | - | - | |
| 18. | मणिपुर | | 1 | 1 | - | - | - |
| 19. | ओडिशा | | 34 | 1 | - | - | |
| 20. | पंजाब | 320 | 348 | 541 | 1434 | 678 | 316 |
| 21. | पुदुचेरी | | 6 | | | | - |
| 22. | राजस्थान | 222 | 937 | 553 | - | - | |
| 23. | तमिलनाडु | 433 | 733 | 2040 | - | - | 876 |
| 24. | तेलंगाना | | 12 | 7 | - | - | - |
| 25. | त्रिपुरा | 385 | | | | | |
| 26. | उत्तर प्रदेश | 528 | 147 | 335 | 200 | 400 | - |
| 27. | उत्तराखंड | 10 | 7 | | | | - |
| 28. | पश्चिम बंगाल | | 4 | | | | |
| | **कुल** | **3616** | **3938** | **6193** | **7764** | **5573** | **1211** |

दिनांक 25.01.2024 तक नई स्वर्णिम स्कीम सहित ऋण स्कीमों के अंतर्गत आवंटित/संवितरित तथा उपयोग में लाई गई निधियों का ब्यौरा

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य/पीएसबी के नाम | संचयी (दिनांक 25.01.2024 तक) | |
|---|---|---|---|
| I | राज्य | आवंटित/संवितरित निधियां (रुपए/करोड़) | उपयोग में लाई गई निधियां (रुपए/करोड़) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 268.12 | 253.00 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0.00 | 0.00 |
| 3 | असम | 77.79 | 77.29 |
| 4 | बिहार | 59.13 | 59.13 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 73.00 | 73.00 |
| 6 | गोवा | 28.63 | 27.75 |
| 7 | गुजरात | 315.82 | 315.60 |
| 8 | हरियाणा | 145.11 | 142.72 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 105.79 | 104.08 |
| 10 | झारखंड | 23.92 | 22.72 |
| 11 | कर्नाटक | 488.61 | 488.42 |
| 12 | केरल | 2256.76 | 2236.63 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 205.22 | 205.22 |
| 14 | महाराष्ट्र | 258.27 | 257.62 |
| 15 | मणिपुर | 26.81 | 26.81 |
| 16 | मेघालय | 0.05 | 0.05 |
| 17 | मिजोरम | 0.02 | 0.02 |
| 18 | नागालैंड | 0.08 | 0.08 |
| 19 | ओडिशा | 19.65 | 19.65 |
| 20 | पंजाब | 205.16 | 199.09 |
| 21 | राजस्थान | 147.84 | 142.84 |
| 22 | सिक्किम | 32.59 | 31.49 |
| 23 | तमिलनाडु | 1212.22 | 1206.19 |
| 24 | तेलंगाना | 29.88 | 29.88 |
| 25 | त्रिपुरा | 196.48 | 190.44 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 465.78 | 460.27 |
| 27 | उतराखंड | 9.88 | 9.88 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 110.26 | 110.26 |
| | **उप-कुल राज्य (1 से 28)** | **6762.91** | **6690.16** |
| II. | संघ राज्य | | |
| 29 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0.05 | 0.05 |
| 30 | चंडीगढ़ | 1.38 | 1.33 |
| 31 | दादर और नगर हवेली | 0.05 | 0.05 |
| 32 | दमन और दीव | 0.00 | 0.00 |
| 33 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 6.07 | 6.07 |
| 34 | जम्मू-कश्मीर | 51.66 | 48.97 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0.00 | 0.00 |
| 36 | पुदुचेरी | 79.97 | 79.97 |
| | **उप-कुल (29 से 36)** | **139.16** | **136.42** |
| | **कुल (I से II)** | **6902.07** | **6826.58** |